## खबरों में रहे स्टॉक



### लार्सन ऐंड टुब्रो




पिनाक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम के अपग्रेडेशन के लिए भारतीय सेना के संग करार किया

₹ 4,167.8 पिछला बंद भाव
₹ 4,028.0 आज का बंद भाव
-3.35 % ▼

### ग्रेन्यूल्स इंडिया




जेनेरिक एम्फेटेमिन एक्सटेंडेड-रिलीज टैबलेट के लिए एफडीए से मंजूरी

₹ 612.5 पिछला बंद भाव
₹ 607.2 आज का बंद भाव
-0.9 % ▼

### रेलटेल कॉर्प ऑफ इंडिया




पीएफएमएस से आपूर्ति के लिए 102 करोड़ रुपये का ठेका मिला

₹ 368.5 पिछला बंद भाव
₹ 353.7 आज का बंद भाव
-4.0 % ▼

### रेटगेन ट्रैवल टेक्नोलॉजीज




कंपनी ने एजटेक डिजिटल के साथ विशेष भागीदारी की घोषणा की

₹ 686.1 पिछला बंद भाव
₹ 672.9 आज का बंद भाव
-1.9 % ▼

### पीएन गाडगिल ज्वैलर्स




तीसरी तिमाही में रिटेल राजस्व सालाना आधार पर 46 फीसदी बढ़ा

₹ 640.1 पिछला बंद भाव
₹ 629.9 आज का बंद भाव
-1.6 % ▼

## संक्षेप में

### वेनेजुएला से तेल खरीद पर विचार करेगी रिलायंस

दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनिंग परिसर का संचालन करने वाली भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने गुरुवार को कहा कि यदि गैर-अमेरिकी खरीदारों को बिक्री की अनुमति दी जाती है तो वह वेनेजुएला का तेल खरीदने पर विचार करेगी। रॉयटर्स के ईमेल के जवाब में टिप्पणी करते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज के एक अधिकारी ने कहा, 'हम गैर-अमेरिकी खरीदारों द्वारा वेनेजुएला के तेल तक पहुंच पर स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं और अनुपालन के साथ तेल खरीदने पर विचार करेंगे।' काराकास और वाशिंगटन इस सप्ताह वेनेजुएला के कच्चे तेल के 2 अरब डॉलर तक के निर्यात के लिए एक समझौते पर पहुंचे हैं। अमेरिकी सेना द्वारा 3 जनवरी को राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद लगभग 3-5 करोड़ बैरल तेल वेनेजुएला से अमेरिका को निर्यात किया जाएगा। अमेरिका द्वारा दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद रिलायंस ने मार्च 2026 से वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया था। *रॉयटर्स*

### मुंबई हवाई अड्डे पर यात्री यातायात 1.3 % बढ़ा

मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री यातायात 2025 में 1.3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 5.55 करोड़ हो गया। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) ने यह जानकारी दी। एमआईएएल ने बताया कि इनमें से 3.92 करोड़ घरेलू और 1.63 करोड़ से अधिक अंतरराष्ट्रीय यात्रियों ने यात्रा की। इस हवाई अड्डे पर 2024 में यात्री यातायात 5.48 करोड़ था। एमआईएएल के अनुसार छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में 2025 में यात्री आवाजाही मजबूत मांग और व्यस्त यात्रा अवधि के कारण बढ़ी। *भाषा*

### ऐपल: भारत ने जुर्माना कानून का बचाव किया

भारत के ऐंटीट्रस्ट वॉचडॉग ने अदालत में कहा कि किसी कंपनी के वैश्विक कारोबार के आधार पर जुर्माने की गणना के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला कानून बहुराष्ट्रीय कंपनियों को नियमों का उल्लंघन करने से रोकेगा। नवंबर में, ऐपल ने नई दिल्ली के न्यायाधीशों से 2024 के कानून को रद्द करने के लिए कहा, जिसका पेरेंट रिकार्ड, पब्लिसिस, एमेजॉन और ऐंटीट्रस्ट जांच का सामना कर रही अन्य विदेशी कंपनियों पर भी प्रभाव पड़ सकता है। *रॉयटर्स*

## बजट 2026-27

# स्वास्थ्य क्षेत्र ने कर छूट और निवेश बढ़ाने की मांग की

संकेत कौल
नई दिल्ली, 8 जनवरी

स्वास्थ्य, मेडिकल उपकरण और दवा बनाने वाली कंपनियों ने सरकार से कहा है कि वह केंद्रीय बजट 2026-27 के बजट में कर का बोझ कम करे ताकि घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुसंधान, नवाचार और बीमारियों से बचाव के क्षेत्र में निवेश तेजी से बढ़ाया जा सके।

मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियों के संगठनों का कहना है कि जरूरी मेडिकल उपकरणों पर लगने वाले कुल कर (जैसे स्वास्थ्य उपकर, अधिभार और जीएसटी) का बोझ कुछ मामलों में 30 फीसदी तक पहुंच जाता है ऐसे में उन्होंने मांग की है कि इसे कम किया जाए। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी संगठन (एमटीएआई) के अध्यक्ष पवन चौधरी ने कहा, 'ज्यादा कर की वजह से गंभीर बीमारियों के इलाज, जैसे सर्जरी, गैर-संक्रामक बीमारियों (एनसीडी) के प्रबंधन और जांच का खर्च बढ़ जाता है और इसके कारण परिवारों की आर्थिक परेशानी होती है।'

उन्होंने आगे कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतों के कारण लागत बढ़ने से, शुल्क में थोड़ी सी कटौती अब कोई रियायत नहीं है बल्कि यह लोगों के लिए इलाज सस्ता रखने के लिए जरूरी है।

यह मांग ऐसे समय में आई है जब जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की कोशिश हो रही है जिसमें कई तैयार उपकरणों पर अब 5 फीसदी कर लगता है, जबकि ज्यादातर इनपुट और इनपुट सेवाओं पर 18 फीसदी कर लगता है।

हालांकि, उद्योग का कहना है कि सरकार ने जीएसटी में जो बदलाव किए हैं उससे उन्हें नुकसान हो रहा है क्योंकि उन्हें कर में छूट का फायदा नहीं मिल पा रहा है और विनिर्माताओं के लिए उनकी कार्यशील पूंजी का दबाव बढ़ रहा है।

पॉली मेडिक्योर के प्रबंध निदेशक हिमांशु वैद्य का कहना है, 'अगर मेडिकल उपकरणों पर भी दवाओं जितना यानी 5 फीसदी ही जीएसटी लगे और इनपुट सेवाओं और पूंजीगत वस्तुओं पर दिए कर का रिफंड मिले तब कंपनियों को तुरंत राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सबको बराबर का मौका मिलेगा।'

कंपनियों ने मांग की है कि कर को कम करने के साथ-साथ सरकार, शोध एवं विकास (आरऐंडडी) में, अच्छे सुविधा केंद्रों में और बीमारियों से बचने के लिए होने वाली जांच में भी निवेश करे। हिमांशु वैद्य ने कहा, 'अगर सरकार 1,000 करोड़ रुपये का एक अलग फंड बनाती है, तो उससे भारत में बने मेडिकल उपकरण बेहतर होंगे और दुनिया में मुकाबला करने में मदद मिलेगी।'

भारत में 65 फीसदी मौतें पुरानी बीमारियों के कारण होती हैं और लोग बीमारियों से बचने के लिए जांच भी कम कराते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवा उद्योग से जुड़ी संस्था नटहेल्थ ने सुझाव दिया है कि अगर कोई व्यक्ति आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत बने अपने हेल्थ अकाउंट से बीमारियों से बचाव के लिए जांच कराता है तब उसे 10,000 रुपये तक की कर छूट मिलनी चाहिए। इससे सरकार को लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा डिजिटल डेटा तैयार करने में मदद मिलेगी।

नटहेल्थ की अध्यक्ष अमीरा शाह ने कहा कि इससे लोग बीमारियों से बचने के लिए ज्यादा जांच कराएंगे, गैर-संक्रामक बीमारियों का जल्दी पता चल सकेगा और इलाज का खर्च और काम में होने वाला नुकसान कम हो जाएगा।



### बजट से आस

- मेडिकल उपकरणों पर जीएसटी की दर को दवाओं के बराबर करने की मांग
- इसके अलावा इनपुट टैक्स क्रेडिट का रिफंड शामिल करने की मांग
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हेल्थ अकाउंट से जुड़ी जांच पर कर छूट का सुझाव

# पहली बार लग्जरी कार खरीदने वालों पर बीएमडब्ल्यू का दांव

सोहिनी दास
मुंबई, 8 जनवरी

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कैलेंडर वर्ष 2025 में अपनी अब तक की सबसे ज्यादा 18,001 कारों की बिक्री की। यह सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। कंपनी ने लग्जरी कार बाजार से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। इस मजबूत प्रदर्शन को अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बिके रिकॉर्ड 6,023 वाहनों से मदद मिली जो 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। इससे जाहिर होता है कि यात्री वाहन बाजार में जीएसटी के बाद भी लगातार तेजी बनी हुई है।

**बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया की कुल कार बिक्री में ईवी का योगदान 21 प्रतिशत है**

खास बात यह है कि बीएमडब्ल्यू की वृद्धि में पहली बार लग्जरी कार खरीदने वालों का योगदान बढ़ रहा है। इस सेगमेंट के बारे में कंपनी का मानना है कि भारत के नवेले लग्जरी कार बाजार के विस्तार के लिए बहुत जरूरी है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्याधिकारी हरदीप एस बराड़ के अनुसार बीएमडब्ल्यू के पोर्टफोलियो में पहली बार लग्जरी कार खरीदने वाले ग्राहकों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। यह 2024 में लगभग 43 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में लगभग 49 प्रतिशत हो गई है। कुछ मॉडलों के लिए तो यह आंकड़ा और भी ज्यादा है। बराड़ ने कहा, 'लग्जरी बाजार का विस्तार सिर्फ ऊपरी स्तर पर नहीं हो सकता। यह एंट्री पॉइंट से होना चाहिए।'

कंपनी ने लगातार चौथे वर्ष भारत में नंबर एक लग्जरी ईवी ब्रांड के रूप में अपना दबदबा बरकरार रखा है। उसने 2025 में 3,753 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जो पिछले वर्ष की तुलना में 200 प्रतिशत की तेज वृद्धि है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया की कुल कार बिक्री में ईवी का योगदान 21 प्रतिशत है जो एक साल पहले सिर्फ 8 प्रतिशत था। बीएमडब्ल्यू का लक्ष्य 2026 के अंत तक ईवी की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना है।

वैश्विक स्तर पर भारत जर्मन लग्जरी कार निर्माता कंपनी के लिए तेजी से महत्त्वपूर्ण बाजार बनता जा रहा है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया अब बिक्री के लिहाज से दुनिया भर में टॉप 20 बीएमडब्ल्यू बाजारों में शामिल है और वृद्धि दर के हिसाब से शीर्ष पांच बाजारों में से एक है जिसका लक्ष्य 2030 तक बिक्री के मामले में टॉप 15 में शामिल होना है।

# प्रधानमंत्री ने की स्टार्टअप से मुलाकात

बीएस संवाददाता
नई दिल्ली, 8 जनवरी

सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 12 भारतीय स्टार्टअप से मुलाकात की। इन स्टार्टअप को सरकार ने विभिन्न स्वदेशी एआई मॉडल बनाने के लिए इंडियाएआई मिशन के तहत चुना है।

मोदी की सर्वम , भारतजेन, फ्रैक्टल, गण, जेनलूप, ज्ञानी, इंटेलीहेल्थ और अन्य स्टार्टअप के साथ मुलाकात हुई। बैठक के बाद मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'उन्होंने भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर बातचीत की। यह एक यादगार और गहरी समझ बढ़ाने वाली बातचीत थी, जिसमें उन्होंने अपना यह दृष्टिकोण और कार्य साझा किया कि भारत एआई की दुनिया को कैसे बदलाव ला रहा है।'

बैठक में भाग लेने वाले एक अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान स्टार्टअप ने उन स्वदेशी लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल की विभिन्न बारीकियों के बारे में बताया, जिन्हें वे बना रहे हैं। साथ ही उन्होंने उस समय-सीमा के बारे में भी जानकारी दी जिसके बारे में उन्हें उम्मीद है कि वे इसे पेश कर देंगे। एक अन्य अधिकारी ने कहा, 'हमसे यह भी पूछा गया कि क्या हमारे काम में कोई बाधा आती है और क्या हमारी नवीनतम जीपीयू, डेटासेट और अन्य चीजों तक पर्याप्त पहुंच है।'

# 12 से 15 हजार ...

पृष्ठ 1 का शेष

अधिकारी ने कहा कि इंडियाएआई मिशन के तहत नवीनतम जीपीयू की आपूर्ति के बाद देश में कुल 50,000 से अधिक जीपीयू हो जाएंगे। दिसंबर 2025 तक इंडियाएआई मिशन के तहत बोली के तीन दौर में 38,000 से अधिक जीपीयू की आपूर्ति किया गया है जिसके बाद सरकार ने कंपनियों द्वारा जीपीयू को निरंतर शामिल करने की अनुमति दी है, बशर्ते कि उन्हें लगभग 115 रुपये प्रति जीपीयू घंटे की औसत एल1 कीमत पर खरीदा और आपूर्ति किया जाए।

अधिकारियों के अनुसार 38,000 में से लगभग 25,000 को चालू कर दिया गया है और विभिन्न स्टार्टअप, उद्योगों और शिक्षाविदों द्वारा उपयोग किया जा रहा है इन सभी जीपीयू को 10,372 करोड़ रुपये के इंडियाएआई मिशन के हिस्से के रूप में कंपनियों द्वारा खरीदा और आपूर्ति किया जाएगा, जिसे मार्च 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था जीपीयू के लिए बोली के पहले दौर के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इन उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग प्रोसेसर की खरीद और आपूर्ति के लिए बोलियां लगाने की इच्छुक कंपनियों को एक पैनल में शामिल होने की प्रक्रिया शुरू की है। नए बोलीदाताओं को अब तिमाही आधार पर इसमें शामिल किया जाता है। पहले दौर में सरकार ने 18,693 जीपीयू की खरीद और आपूर्ति के लिए 10 कंपनियों को पैनल में शामिल किया था।

# बड़े डेवलपरों को दमदार बुकिंग से मिलेगा दम

प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपरों का मानना है कि वे वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में प्री-सेल्स यानी बुकिंग और कमाई के मामले में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्हें त्योहारी सीजन की मांग, खरीदारों के मजबूत रुझान, लगातार लॉन्च, प्रीमियम बिक्री और मजबूत संग्रह से मदद मिलेगी। इक्विरस कैपिटल के प्रबंध निदेशक और सेक्टर लीड (इन्फ्रास्ट्रक्चर) विजय अग्रवाल ने कहा, 'प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपरों की कमाई स्थिर रहने और धीरे-धीरे बेहतर होने की उम्मीद है, जिसे मुख्य बाजारों में बढ़ती निर्माण गतिविधियों से सहारा मिलेगा। इससे ज्यादा राजस्व हासिल होने की संभावना है। इससे समय के साथ मजबूत कलेक्शन, बेहतर परिचालन नकद प्रवाह और ऋण स्तर में कमी आने की संभावना है।'

मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज का मानना है कि उसके कवरेज में शामिल कंपनियों के वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 40,700 करोड़ रुपये की बुकिंग दर्ज किए जाने का अनुमान है जो सालाना आधार पर 13 फीसदी और तिमाही आधार पर 20 फीसदी अधिक है। *बीएस*

**ओमकारा एसेट्स रीकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
OMKARA
कॉर्पोरेट कार्यालय : कोहिनूर स्क्वेयर, 47वीं मंजिल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028 | दूरभाष: 022-69231111/9833546349/8879093790

**(परिशिष्ट-IV-A) [नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) का प्रावधान देखें]**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी की सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

एतद्वारा जनसामान्य तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/सह- कर्जदार(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, पर सम्मान कैपिटल लिमिटेड के प्रतिभूत लेनदार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रुप में कब्जा कर लिया है।

इसके अलावा, **ओमकारा पीएस 22/2024-25 ट्रस्ट** के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) ने दिनांक 29.03.2025 के असाइनमेंट समझौते के माध्यम से सम्मान कैपिटल लिमिटेड (इंडिआबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) असाइनर से अंतर्निहित सुरक्षा सहित संपूर्ण बकाया ऋण का अधिग्रहण कर लिया है। तदनुसार, ओएआरपीएल बकाया वसूलने और प्रतिभूतियों को लागू करने का अधिकारी है। नीचे उल्लिखित कर्जदार/गारंटरों/बंधककर्ताओं से प्रतिभूत ऋणदाता के रूप में ओएआरपीएल को 06.01.2026 तक बकाया राशि रू. 6,20,397/- **(रुपए छ: लाख बीस हजार तीन सौ सत्तानवे मात्र)**, भावी ब्याज एवं प्रभार सहित 07.01.2026 तक, की वसूली हेतु **''जहाँ है जैसे है''**, **''जो है यही है''** तथा **''जो कुछ भी है यही है''** **और ''आश्रय रहित आधार पर''** पर की जायेगी। संपत्तियों की बिक्री सरफैसी अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राप्त अधिकारों और शक्तियों का प्रयोग करते हुए की जाएगी।

संबंधित संपत्ति का आरक्षित मूल्य और जमा धरोहर राशि नीचे संबंधित कॉलम में उल्लिखित हैं।

| क्र. सं | अचल सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | कर्जदार/सह-कर्जदार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फ्लैट संख्या-जीएफ-1, भूतल, बाएं हाथ का सामने का भाग, प्लॉट संख्या-डी-8/23, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201102, क्षेत्रफल 224 वर्ग फुट | रू. 6,75,000/- | रू. 67,000/- | अखिलेश नारायण (कर्जदार) अर्चना शुक्ला (सह-कर्जदार) |

| | |
|---|---|
| संविदा वृद्धि राशि | रू. 25,000/- |
| निरीक्षण की तिथि एवं समय | 15 जनवरी 2026 |
| भागीदारी पत्र/केवाईसी दस्तावेज/ईएमडी के प्रमाण प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22 जनवरी 2026 को 4.00 बजे अप. तक |
| नीलामी की तिथि | 23 जनवरी 2026 12.00 बजे अप. से 1.00 बजे अप. |
| ज्ञात देयताएँ | शून्य |

यह नीलामी ओएआरपीएल द्वारा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। बोली जमा करने की अंतिम तिथि (ऑनलाइन एवं भौतिक प्रति दोनों में) तथा ईएमडी (डीडी/पे ऑर्डर अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान) 22.01.2026 को 4:00 बजे अप. तक है। बोली जमा करते समय, बोलीदाता को दिवाला संहिता, 2016 की धारा 29(ए) के अनुसार हलफनामा प्रस्तुत करना होगा। हलफनामा प्रस्तुत न करने पर बोली रद्द कर दी जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://omkaraarc.com/auction.php** पर दिए गए लिंक को देखें।

जिन इच्छुक बोलीदाताओं ने ईएमडी जमा कर दी है और जिन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे ई-नीलामी सेवा प्रदाता ''मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड'', टेलीफोन हेल्पलाइन: +91-7291981124/25/26, हेल्पलाइन ईमेल आईडी: **support@bankeauctions.com**, से संपर्क कर सकते हैं। संपत्ति संबंधी किसी भी प्रश्न के लिए, कार्यालयीन समय एवं कार्यदिवसों में प्राधिकृत अधिकारी श्री राजेंद्र भोसले से मोबाइल: +91 9833546349, ईमेल: **rajendra.bhosale@omkaraarc.com** पर संपर्क करें। विफल रहने पर बोली रद्द कर दी जाएगी।

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के अंतर्गत बिक्री हेतु वैधानिक नोटिस।**

यह नोटिस प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) और वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त ऋण खाते के कर्जदार(रों) को 15 (पंद्रह) दिनों का एक अनिवार्य नोटिस भी है, जिसमें उन्हें उपरोक्त संदर्भित तिथि और समय पर ई-नीलामी के माध्यम से नीलामी/बिक्री के आयोजन के बारे में सूचित किया जाता है, साथ ही यह सलाह भी दी जाती है कि यदि वे चाहें तो सरफैसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (8) के प्रावधानों के अनुसार ब्याज, लागत और व्यय सहित ऊपर उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करके आस्तियों को विमोचित कर लें। भुगतान में चूक की स्थिति में, संपत्ति प्राधिकृत व्यक्ति के विवेक पर होगी। अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) के तहत निर्धारित किसी भी तरीके से बेचा नहीं जा सकता।

दिनांक: 09.01.2026 हस्ता./-
स्थान: मुंबई प्राधिकृत अधिकारी, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(ओमकारा पीएस 22/2024-25 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्यरत)

**कब्जा सूचना**
(अचल संपत्ति हेतु)

**जब कि,**

**सम्मान कैपिटल लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** (पहले **इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता था**) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **राधे श्याम अग्रवाल पेडे वाले (थ्रु ईट्स पार्टनर), ब्रिज बिहारी अग्रवाल पार्टनर राधे श्याम अग्रवाल पेडे वाले, प्रीति अग्रवाल, चंद्रप्रकाश राधेश्याम अग्रवाल पार्टनर राधे श्याम अग्रवाल पेडे वाले, कमलेश अग्रवाल, कविता बांकेबिहारी अग्रवाल (सह-उधारकर्ता, पत्नी और साथ ही बांकेबिहारी अग्रवाल के कानूनी उत्तराधिकारी), राधारानी राधेश्याम अग्रवाल उर्फ राधा रानी, राधे श्याम अग्रवाल पार्टनर राधे श्याम अग्रवाल पेडे वाले, मयंक अग्रवाल (स्वर्गीय बांके बिहारी अग्रवाल के पुत्र और कानूनी उत्तराधिकारी), हिमांशु अग्रवाल (स्वर्गीय बांके बिहारी अग्रवाल के पुत्र और कानूनी उत्तराधिकारी) और कुमारी पूजा अग्रवाल (पुत्री और स्वर्गीय बांके बिहारी अग्रवाल के कानूनी उत्तराधिकारी अग्रवाल)** को **10.10.2025** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HLAPMAT00359798** की राशि रू. **1,01,76,912.77 (रूपये एक करोड़ एक लाख छिहत्तर हजार नौ सौ बारह और सतहत्तर पैसे मात्र)** और **10.10.2025** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **07.01.2026** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि रू. **1,01,76,912.77 (रूपये एक करोड़ एक लाख छिहत्तर हजार नौ सौ बारह और सतहत्तर पैसे मात्र) 10.10.2025** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

जल दर नं. 227, जिसका कुल क्षेत्रफल 403.20 स्क्वे. मीटर्स., और निर्मित क्षेत्र 112.8 स्क्वे. मीटर्स. मोहेल्ला जंगल कट्टी पर स्थित, बांकेबिहारी मंदिर के पास, वृन्दावन, मथुरा, वृन्दावन -281121, उत्तर प्रदेश, मापित 403.20 स्क्वे. मीटर्स.

सीमाएँ:
पूर्व : गली
पश्चिम : हाउस ब्रिज मोहन बेसिक पाठशाला
उत्तर : पन्ना लाल और हवेली काबरा का घर
दक्षिण : कुंग आशा नंद

सही/-
दिनांक : 07.01.2026 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मथुरा सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में जाना जाता था)

**COCHIN INTERNATIONAL AIRPORT LIMITED**
CIAL/COMMN/VACS/04/2026 09/01/2026
**TENDER NOTICE**
Online item rate E-Tenders are invited from reputed agencies for the work mentioned below at Cochin International Airport.

| Sl. No. | Name of Work | Estimate Amount | EMD | Completion Period |
|---|---|---|---|---|
| 1 | SITC of the RFID-based Vehicle Identification System at CIAL | Rs.34 Lakh + GST | Rs.70,000/- | 04 months |

Interested firms may register themselves on the online E-Tendering portal http://etenders.kerala.gov.in and then download the Tender documents. For eligibility criteria and other details, visit our website: www.cial.aero.
Sd/- Managing Director

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

**डी आइ टी बिल्डिंग, बेलापुर, नवी मुंबई मे प्रस्तावित कार्यकेन्द्रो की स्थापना और अन्य विविध बढ़िएगीरी कार्यों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना।**

डी आइ टी बिल्डिंग, बेलापुर, नवी मुंबई मे प्रस्तावित कार्यकेन्द्रो (113 संख्या) की स्थापना और अन्य विविध बढ़िएगीरी कार्यों के लिए प्रतिष्ठित एवं स्थापित वास्तु परामर्शदाताओं से संबंधित श्रेणियों के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट www.centralbank.bank.in से डाउनलोड की जा सकती है।
आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक 30.01.2026 दोपहर 3:00 बजे तक है।

मुंबई निलेश हलधर
दिनांक: 09.01.2026 मुख्य प्रबन्धक - सिविल अभियंता

**एल&टी फायनांस लिमिटेड**
(पहले इसे एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड कहा जाता था)
**पंजीकृत कार्यालय:** एल&टी फायनांस लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
**सीआईएन नं.:** L67120MH2008PLC181833
**शाखा कार्यालय:** दिल्ली

L&T Finance

**कब्जा नोटिस**
**[नियम-8 (1)]**

जब कि सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड (एनसीएलटी मुंबई के साथ-साथ एनसीएलटी कोलकाता द्वारा अनुमोदित समावेशन द्वारा विलय के माध्यम से समामेलन की योजना के अंतर्गत दिनांक 12 अप्रैल, 2021 से एल&टी हाउसिंग फायनांस लिमिटेड का विलय एल&टी फायनांस लिमिटेड ('एलटीएफ') में हो गया है, उसके बाद दिनांक 4 दिसंबर, 2023 से एल&टी फायनांस लिमिटेड का विलय एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड (एलटीएचएफ) में हो गया है और अब दिनांक 28 मार्च, 2024 से एल&टी फायनांस होल्डिंग्स लिमिटेड का नाम बदलकर एल&टी फायनांस लिमिटेड कर दिया गया है) और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के (नियम 3) के साथ पढ़ते हुए उक्त कानून की धारा 13 (12) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए उक्त सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन के अंदर नीचे सलग्न मांग सूचना में वर्णित राशि चुकाने के लिए उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं और गारंटीदाताओं को मांग सूचना के दिनांक से भुगतान/वसूली होने तक आगामी ब्याज और प्रभारों के साथ अदा करने का आवाहन किया गया. उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं/गारंटर द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण एतद्द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं/गारंटीदाताओं और जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ते हुए उक्त कानून की धारा 13 के अंतर्गत उन्हें दिए गए अधिकारों का उपयोग करते हुए यहाँ वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है.

| ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता/ओं, सह-उधारकर्ता/ओं और गारंटीदाताओं का नाम | बंधक रखी गई संपत्तियों का विवरण | माँग नोटिस | | लिए गए कब्जे का दिनांक और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक | बकाया राशि (₹) | |
| H098HL24 0507152703 / H098HL24 0507152703L | 1. श्री राहुल शर्मा बतौर कर्जदार और 2. श्रीमती शिवानी बतौर सह-कर्जदार | नं. 10 की संपत्ति, छत के अधिकार के बिना पूरी पहली मंजिल, पॉकेट-9, सेक्टर-23, रोहिणी, दिल्ली, 110085 के लेआउट प्लान में स्थित 32.00 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की ज़मीन का प्रत्येक भूखंड | 09.10.2025 | रु. 28,61,827.89/- (अट्ठाईस लाख इकसठ हजार आठ सौ सत्ताईस रुपये नवासी पैसे मात्र) दिनांक 07/10/2025 तक | 06.01.2026 प्रतीकात्मक आधिपत्य |

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं/गारंटीदाताओं को विशेष रूप से और आम जनता को सामान्य रूप से, एतद्द्वारा, संपत्ति का सौदा न करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति का कोई भी सौदा माँग नोटिस की तिथि से भुगतान/वसूली तक अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ माँग नोटिस में उल्लिखित राशि के लिए एल&टी फायनांस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा.

कृते/-
दिनांक: 09.01.2026 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: दिल्ली एनसीआर एल&टी फायनांस लिमिटेड के लिए

**दिल्ली संस्करण :** बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा नीतेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210-211, सेक्टर-63 नोएडा-201301 उ.प्र. और पृथ्वीस दास, डी.बी. कॉर्प लिमिटेड 10, जेएलएन मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर - 302015 से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 011-23720202/23762742
सब्स्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं